भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 904

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

राजमार्ग संबंधी निविदाएँ

904. श्री हरीश चंद्र मीना:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वित्तीय वर्ष अप्रैल से दिसंबर, 2024 में घोषित राजमार्ग निविदाओं का मूल्य 3.60 लाख करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 46 प्रतिशत कम था और निविदा आवंटन और निर्माण की गति पिछले वर्षों की तुलना में धीमी हो गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा ऐसी धीमी गति से अवसंरचना के लक्ष्यों का प्रभावित न होना सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) टोंक और सवाई माधोपुर को जोड़ने वाली प्रस्तावित राजमार्ग परियोजना की वर्तमान स्थिति संबंधी ब्यौरा क्या है, साथ ही निविदा प्रक्रिया, निर्माण समय-सीमा, पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा और इस गलियारे में आने वाली चुनौतियां क्या हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अप्रैल से दिसंबर, 2024 के दौरान लगभग 54,280 करोड़ रुपये की कुल लागत वाले 190 राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजना सौंपे हैं, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के दौरान लगभग 50,900 करोड़ रुपये की कुल लागत वाले 272 एनएच परियोजना सौंपे गए थे।

विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान सौंपे गए और निर्माण का वर्ष-वार विवरण इस प्रकार है:

वित्तीय वर्ष	सौंपी गई लंबाई (किमी)	निर्मित लंबाई (किमी)
2022-23	12,376	10,331
2023-24	8,581	12,349

2024-25	7,538	10,660

विगत दो वित्तीय वर्षों के दौरान मुख्य रूप से (i) वन और वन्यजीव मंजूरी से पहले 90% मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) को सख्ती से सुनिश्चित करने और आरओबी/आरयूबी के लिए की सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) को मंजूरी देने और (ii) परियोजनाओं की कड़ाई से जांच के कारण परियोजना को सौंपे जाने की गति धीमी हो गई है। इन उपायों का उद्देश्य अधिक देरी के बिना सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है

(ग) एनएच-116 (नया एनएच-552) के टोंक-कुस्थला खंड को पेव्ड शोल्डर विन्यास सहित 2-लेन में विकसित किया गया है और वर्तमान में आगे उन्नयन का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, एनएच-116 (नया एनएच-552) के कुस्थला-सवाई माधोपुर खंड को दिनांक 23.05.2027 को पूरा होने की निर्धारित तिथि के साथ पेव्ड शोल्डर विन्यास सहित 4-लेन में उन्नयन का कार्य शुरू किया गया है।

*****